# सड़क सुरक्षा को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन

**विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डीसी, एसपी ने किया सम्मानित**

**स्वास्थ्य शिविर का डीसी और एसपी ने किया शुभारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**रामगढ़।** संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड के तत्वाधान में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा मनाये जाने के लिए प्राप्त निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिले में वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के सुभाष चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रभात फेरी निकाली गयी। मौके पर डीसी चंदन कुमार और एसपी पीयूष पांडे के द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत सुभाष चौक से गुरु नानक पब्लिक स्कूल तक आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही, डीसी, एसपी, डीडीसी, डीएफओ, एसडीओ सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने मैराथन में भाग लिया। मैराथन के दौरान डीसी और एसपी के द्वारा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का उपयोग करने वाले लोगों को पुष्प देकर उनसे हेलमेट लगाने और अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।

**श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन:** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में सड़क सुरक्षा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडे, डीएफओ नीतीश कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन, तभी समाज रहेगा सुरक्षित : एसपी:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि रोड सेफ्टी का अनुपालन जरूरी है, सभी आयु वर्ग के लिए यह बेहद जरूरी है कि सड़क नियमों का पालन कैसे करें ना कि हमारी जान माल से जुड़ा है, बल्कि रोड पर चलने वाली सभी के जान माल से जुड़ा है। जब तक हम इसका प्रचार प्रसार करेंगे और मन में यह आत्मसात करेंगे रोड सेफ्टी नियमों का तभी यह देश, समाज और जिला सुरक्षित रहेगा।

**यातायात नियमों का पालन करने की अपील:** कार्यक्रम के दौरान डीएफओ नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के दौरान सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों की सराहना करते हुए सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## सावधानी से करें वाहन का उपयोग, ट्रैफिक नियमों का करें पालन: डीसी

कार्यक्रम को संबोधन में डीसी ने कहा कि देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 3 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवा देते हैं और अगर इसमें घायल होने वालों को जोड़ा जाये तो यह संख्या बेहद बड़ी हो जायेगी। डीसी ने कहा कि जीवन बहुत ही अनमोल है, इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम सभी वाहनों का उपयोग करने के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, नशे की हालत में गाड़ी ना चलायें और बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन और बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का उपयोग न करें। डीसी ने सभी युवाओं से किसी भी परिस्थिति में अति उत्साहित होकर लापरवाही से वाहन ना चलाने की अपील की। मौके पर डीसी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों से अपने घरों में अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील की।

## कार्यक्रमों में भाग लेने वालों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान डीसी और एसपी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लेने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया। वहीं, 15 जनवरी से अब तक सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पेंटिंग प्रतियोगिता में गुरु नानक पब्लिक स्कूल को प्रथम, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ को द्वितीय, श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ को तृतीय तथा क्विज प्रतियोगिता में गुरु नानक पब्लिक स्कूल को प्रथम, डीएवी बरकाकाना को द्वितीय और राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रामगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान कुशल मंच संचालन के लिए समाजसेवी कमल किशोर बागड़िया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला परिवहन पदाधिकारी ने दिया।

## संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति की बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरी कला पुराना पंचायत भवन में गुरुवार को रूबी देवी सीएलएल की अध्यक्षता में हंटरगंज आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड संकुल कार्यकारिणी की बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संकुल से संबंधित आजिविका से जुड़े महिलाओं की लेन देन को लेकर विचार विमर्श किया गया। कुंदा प्रखंड से एक्सपोजर विजिट के लिए टीम के द्वारा आजीविका पर चर्चा, समजिका मुदा पर चर्चा सीएलएफ के सभी पुस्तक का जॉच और बैठक की जानकारी दी गयी। साथ ही बैंक से मिल रहे अन्य सुविधाओं के बारे में बताया गया। जैसे सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा लोन केसीसी लोन समूह को मिलने वाले सीसीएल लोन पेंशन योजना सारे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में जेएसपीएल एस सीएलएफ, बीपीएम सतेन्द्र कुमार के द्वारा स्वालंभी सहकारी समिति लिमिटेड में जुड़े हुए सभी भीओ के बीच में जानकारी दिया गया। जिसमें उपस्थित सीसी सरदार जितेन्द्र सिंह, पीआरपी पुष्पा तिर्की, बीएपी अलका कुमारी और हंटर गंज के सभी भीओ ईसी मेंबर उपस्थित हुई और कुंदा प्रखंड केपी आरपी नीतीश कुमार यादव और सूरज कुमार शामिल थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में अगामी 9 फरवरी से स्वामी रामायणचार्य वेदांती (श्री अयोध्या जी) के सानिध्य में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 9 फरवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी चलेगा। कार्यक्रम के दौरान स्वामी रामायनाचार्य वेदांती के द्वारा भागवत कथा का वाचन होगा तथा प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण और लंगर की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व चेयरमैन अनिरुद्ध प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया है तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में हंटरगंज के अन्य समाजसेवी भी शामिल है।

## भाजपा का गांव चलो अभियान



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान कार्यशाला गुरुवार को पुरनानगर पंचायत में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के द्वारा लगाया गया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कार्यकताओं व ग्रामीण को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का अभियान लोकसभा चुनाव के पूर्व कार्यकताओं के जरिए देश के प्रत्येक गांवों तक पहुंचना है। कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियां को तथा गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे व भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से करेंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय यादव, महामंत्री पवन सिंह, लखन पासवान, इंजीनियर राजकुमार यादव, अजय यादव, पवन यादव, मुकेश यादव, नंदकिशोर भारती, हरि यादव, टूपलाल यादव, राजेंद्र रजक, बालो यादव, जगदीश दास आदि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जिला प्रशासन कोडरमा के सौजन्य से पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम कोडरमा में स्वीप कोषांग कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मुखिया और बीएलओ का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी बीएलओ को अपने मतदान केन्द्रों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और मतदाता सूची से त्रुटियों को दूर करने से संबंधित सभी कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन करते हुए बूथ आइकॉन भी बनाये। बूथ अवेयरनेस ग्रुप में अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनायें। उपायुक्त ने सभी बीएलओ को 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को चिन्हित करने को कहा, साथ ही दिव्यांग मतदाताओं का भी सर्वे करने की बात कही। छूटे हुए बिरहोरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को कहा। वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा बूथ स्तर पर बीएलओ के द्वारा किये जाने वाले मतदाता जागरूकता से संबंधित जानकारी दिया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव ने निर्वाचन आयोग से संबंधित एप की जानकारी दी। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक व समाज कल्याण विभाग के कर्मी और मुखिया और बीएलओ मौजूद रहे।

# कुजू के बाल विद्या मंदिर आरा में विदाई समारोह

**कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास से सफलता संभव : रंजीत सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** बाल विद्या मंदिर, आरा में 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय अध्यक्ष रति महतो, वाहिद अंसारी और प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान विद्यालय के नवम वर्ग के विद्यार्थियों ने सभी का स्वागत करते हुए मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने अपने संबोधन में वर्ग 10वीं कि विद्यार्थियों को होने वाले परीक्षा के सफलता को लेकर कई टिप्स दी। कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास से ही सफलता हासिल किया जा सकता है। साथ ही, जीवन में आने वाली चुनौतियां से अवगत कराते हुए मेहनत और संघर्ष से ही सफल हो सकेंगे। वही, प्रशासनिक पदाधिकारी गुरमीत धीमान ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की बधाई दी। साथ ही, प्रेरित करते हुए कहा कि अपने सपनों को पकड़ो, हकीकत में बदलो। तुम्हारा भविष्य वही है जो तुम अपने दृष्टि में देखते हो। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर, कर्मचारी सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बोलेरो की चपेट में आने से महिला की मौत

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। जन वितरण प्रणाली दुकान से राशन लेकर लौट रही महिला की मौत बोलेरो की चपेट में आने से हो गयी। यह घटना गुरुवार देर शाम की है। उक्त महिला हाहे निवासी डोमन महतो की 54 वर्षीय पत्नी आशा देवी थी। बड़कागांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि घटना स्थल से बोलेरो (जे एच -01 ए ई - 3882) को बरामद कर थाना ले लाया गया है। बोलोरो मिठू महतो का है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया है। बताया जाता है कि महिला बाबूपारा गांव स्थित जन वितरण राशन दुकान से अनाज का उठाव कर अपना घर हाहे जा रही थी तभी बोलेरो बैक करने के दौरान महिला चपेट में आ गयी और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। महिला की मौत से गांव में मातम पसर गया है। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता और आवेदन की प्रक्रिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना और जागरूक करना है। मुख्य अतिथि इंद्रजीत यादव, आइइडीएस, संयुक्त निर्देशक और कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची और उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर-के किया गया। कार्यक्रम की संयोजक ज्योत्सना मुड़िया, सहायक निदेशक द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि और सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक ने कार्यक्रम के उद्देश्य और रूप-रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विधाओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं।

# 'ट्रांसजेंडर होना कलंक नहीं' पर कार्यशाला

**ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना रखें: उपायुक्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

## ट्रांसजेंडर समुदाय को हर संभव लाभ दें : उपायुक्त




चतरा। डीआरडीए प्रशिक्षण भवन के सभागार में ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं पर आयोजित कार्यशाला के पश्चात ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों ने समाहरणालय उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात किया और वर्तमान में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों की समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने ट्रांसजेंडरो के समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारी को सरकारी नियम के तहत हर संभव लाभ देने का निर्देश दिया।

**चतरा।** डीआरडीए प्रशिक्षण भवन के सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान और विशिष्ट अतिथि ट्रांसजेंडर सपना कुमारी, अमरजीत, पीयूष देवगन, आनंदी उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय को अभी भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। जो चिंतनीय है। समाज में अभी भी उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रांसजेंडर समुदाय आम लोगों की भांति ही है। लोगों से ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सहानुभुति और सहयोग की भावना रखने की अपील की। साथ ही उक्त समुदाय के लिये सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आज भी इस समुदाय के लिए समाज में भ्रांतिया है। जिसे हम सभी का दायित्व है कि आम जनों के प्रति जागरूकता फैलाते हुए ट्रांसजेंडरों के प्रति समाज में फैले कु-प्रथाओं को दूर करें और समाज में उनके प्रति भेदभाव, भय, दुर्भावना को दूर करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनके कौशल विकास कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा समाज के मुख्यधारा पर लाने पर बल दिया गया। चतरा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समाज में फैले भ्रांतियों के बीच इनका जन्म लेना और विषम परिस्थिति में अपने आप को पहचान स्थापित करना एक कठिन चुनौती है। उक्त समुदाय के लोग जागरूकता व अशिक्षा के अभाव में अपना बेहतर जीवन यापन नहीं कर पाते है परिणाम स्वरूप गलत रास्ते अपना लेते है। कार्यशाला में उपस्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य सिमरिया पश्चिमी और उत्तरी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया, पत्थलगडा जिप सदस्य, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका और कार्यालय कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। प्रतिभागियों के द्वारा भी ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं विषय पर अपने विचार व्यक्त किया गया।

## गांव चलो अभियान को लेकर बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी का टंडवा मंडल गांव चलो अभियान कार्यशाला को लेकर बैठक चुन्दुरू धाम में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, संचालन महामंत्री संजीव पांडेय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की सफलता पर स्थिर रूप से चर्चा की गयी, और सभी उपस्थित के प्रवासी और बूथ के संयोजक के द्वारा कार्यक्रम को भव्यता पूर्वक संपन्न करने का संकल्प लिया गया। बैठक के मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षयवट पांडेय, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, अजय सिंह, कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रसाद गुप्ता, सहसंयोजक रामेश्वर विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष श्याम सिंह, मंडल महामंत्री संजीव पांडेय, विश्कर्मा योजना प्रभारी सुनील चौरसिया, हेमराज साहू, जिबलाल यादव, विकास कुमार, महेंद्र महतो, रितु महतो, पारस सिंह, रामदास राणा, उपेन्द्र चौबे, धनंजय चौबे, युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष बेबी देवी, महामंत्री संजू देवी, रूबी देवी, गिरिजा देवी, राजेंद्र सिंह, रामजतन राम, दिनेश्वर महतो, जगदीश महतो, विजय साहू, सरिता देवी, प्रदीप नायक, सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मांडू निवासी मो मिस्टर बने जिला सचिव



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू निवासी मो मिस्टर आलम को रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बुधवार को रामगढ़ जिला सचिव मनोनीत किया है। उनको जिला सचिव बनाये जाने पर मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सदस्यों में हर्ष और उल्लास है। इसके पूर्व मो मिस्टर आलम अल्पसंख्यक विभाग के जिला महासचिव पद पर रहते हुए संगठन का विस्तार और मजबूत करने का काम किये हैं। उनके कुशल नेतृत्व से संगठन और मजबूत बने इस विश्वास के साथ पार्टी ने सचिव पद पर मनोनीत किया है। सचिव बनाये जाने पर आलम ने कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे इमानदारी पूर्वक निर्वाहन करूंगा। इस विश्वास के लिए मैं अपने शीर्ष नेतृत्व को आभार प्रकट करता हूं। बधाई देने वालों में मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर महतो, अकाश ओझा, भाग 1 मंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष जावेद हुसैन, प्रखंड सचिव रंजीत महतो, फायदा हुसैन संदीप कुशवाहा, मोबिन अंसारी आदि शामिल थे।

## भुरकुंडा के रिवर साइड में बनेगा पीसीसी पथ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पतरातू प्रखंड के रिवर साइड बिरसा मुंडा वर्कशॉप से जुबली कॉलेज मोड़ तक लगभग 500 मीटर पीसीसी पथ का निर्माण लगभग 59 लाख की लागत से होगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी गयी है। उक्त पथ का निर्माण जिला योजना अनाबद्ध निधि मद से होगा। ज्ञात हो की विधायक अंबा प्रसाद द्वारा विगत दिनों दर्जनों योजनाओं की अनुशंसा रामगढ़ जिला योजना पदाधिकारी को भेजा गया था। इसके बाद उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस बावत विधायक अंबा प्रसाद ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर कहा की पथ का निमार्ण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र में रामगढ़ जिले के क्यूआरटी टीम ने औचक छापामारी कर अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों समेत दो चालक को बीती रात लगभग एक बजे रात्रि में पकड़ा। पकड़े गये ट्रैक्टरों को पतरातू थाना के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि टीम ने तालाटाड़ पंचायत के कटुआ कोचा के समीप अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर तालाताड की ओर जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दोनों चालको को जेल भेज दिया।

## एनटीपीसी के महाप्रबंधक से एसडीपीओ की हुई मुलाकात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के नवनियुक्त एसपीडीओ कुलदीप कुमार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा से औपचारिक मुलाकात की। सीकरी स्थित कार्यालय परिसर में परियोजना प्रमुख ने उनका पौधा देकर स्वागत किया। कुलदिप कुमार ने हाल ही में जिले की सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माने जाने वाली बड़कागांव के नये सीडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद एनटीपीसी के कार्यालय में वे पहली बार पहुंचे जहां एनटीपीसी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय और परस्पर सहयोग के लिए उनसे बातचीत की। एनटीपीसी के द्वारा इस बात कि उम्मीद जतायी गयी कि पूर्व की भांति आगे भी परस्पर सहयोग हमें आपके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन से मिलता रहे। आपको बता दें कि कुलदीप कुमार बड़कागांव के सीडीपीओ नियुक्त होने से पहले बोकारो नगर के पुलिस उपाधीक्षक, सीडीपीओ खूंटी, सीडीपीओ चैनपुर जैसी जगहों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा से मुलाकात के दौरान एसपीडीओ कुलदीप कुमार के साथ बड़कागांव क्षेत्र के इंस्पेक्टर अनिल कुमार और मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना मौजूद रहे।

## चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे अपराधी

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों आपराधिक वारदात चरम पर है व चोरों का गिरोह बेहद सक्रीय है और क्षेत्र में एक के बाद एक लगातार चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनोती प्रस्तुत कर रहे हैं। पिछले कई महीनो से अपराधिक घटनाओं में बेहद इजाफा हुआ है, ताजा मामला केरेडारी टंडवा मुख्य पथ पर बुधवार की रात लबनिया मोड़ के समीप विकास वेल्डिंग दुकान में चोरों ने ताला तोड़ कर दुकान में रखे सामान को चुरा ले गये। विगत दिनों 24 जनवरी को भी केरेडारी में बोलेरो पिकउप गाडी को ले उड़े थे जबकि जनवरी में ही एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में टीएसपीसी के उग्रवादियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया था। 26 जनवरी की शाम में बसरिया बाजार से बेंगवरी निवासी तिलेश्वर प्रजपति और पांडु के अमेरिका राम की गाडी चोरी हुई थी। जबकि दमहाबागी के चरकु राम की अपाची बाइक व हथियार के बल पर पतरा से एक ट्रेक्टर को ले उड़े थे चोरों की बढ़ी सक्रियता से इन दिनों क्षेत्र के लोग बेहद भयभीत हैं।

# भाजपा के प्रदेश महामंत्री गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से भाजपा के प्रदेश महामंत्री मुनेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल डॉक्टर ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। उनके सिर में काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक मुनेश्वर साहू अपने सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम से करीब 2 बजे खाना खाने स्कूटी से दुंदुरिया स्थित आवास जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। वहीं सदर अस्पताल में लोगों की काफी भीड़ जमा हो गयी।

# देश को मजबूत बनायेगा भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रयास : शिव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गांव चलो अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला की संगठनात्मक बैठक बिरसा एग्रो पार्क में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता नव मनोनीत जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने की। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी मण्डल अध्यक्ष अब सारे मतभेद भुला कर मिलकर कार्य करें। अतीत को पीछे छोड़ते हुए सुनहरे भविष्य का प्रयास ही भारत को मजबूत बना सकता है। उन्होंने कहा कि 2024 के दोनों चुनाव के महासमर को पार करना है। और भाजपा को केन्द्र में सत्तासीन करने के लिए जी जान लगा कर मेहनत करनी है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मिसिर कुजूर द्वारा किया गया। इस बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष




उपस्थिति रही।

गांव चलो अभियान के जिला संयोजक भिखारी भगत ने उपस्थित सभी मण्डल अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारी को स्पस्ट दिशा निर्देश दिया कि 9 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाली गांव चलो अभियान में गुमला जिला के सभी मंडलों का कोई गांव नहीं छूटना चाहिए। साथ ही मंडल के सभी बूथों पर जाने वाले प्रवासी प्रभारी बूथ क्षेत्र में बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख की बैठक लेंगे। उन्हें बूथ स्तरीय वाट्सएप ग्रुप बना कर सभी को सरल एप एवं नमो एप से जोड़ने का काम पूरा करना है। साथ ही कार्यकर्ता भाजपा सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को जनजन तक एक एक घरों में जाकर बतलायेंगे। प्रवासी प्रभारी इस कार्य का सारा फीडबैक एवं फोटो मंडल एवं जिला समिति को सुपुर्द करेंगे। इसके बाद मण्डल एवं जिला द्वारा प्रदेश एवं केंद्र को प्रेषित करने का कार्य संपन्न करना है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधन में अपने विचार व्यक्त कर उपस्थित मण्डल अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस बैठक में वर्तमान उपाध्यक्ष यशवंत सिंह,लक्ष्मी यादव, पिंटू सिंह, मनोहर बड़ाइक, श्रवण साहू, सनोज वर्मा, गोपाल गोप, संतोष पंडा, सुमित महली, नरेश सिंह, केदार साहू, गोपाल केशरी, अमर पांडे, योगेंद्र सिंह, अरुणजय सिंह के अलावे अन्य मण्डल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान इंद्रपाल उरांव का दिल का दौरा पड़ने से निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** शिवनाथपुर पंचायत के प्रस्तावित कुडूख विद्यालय शिवनाथपुर के अध्यक्ष सह ग्राम प्रधान इंद्रपाल उरांव की दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार को निधन हो गया। वें 65 वर्ष के थे। उन्होंने आयुष्मान मंगल अस्पताल रांची में अंतिम सांस ली। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल के एचएम सुकरू उरांव ने बताया कि वें काफी सरल स्वभाव के लिए मंगलवार को अचानक दिल का दौरा पड़ने पर उन्हें सिसई अस्पताल ले जाया गया जहां से गुमला और गुमला से रांची रेफर कर दिया गया।रांची के अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वें समाज में व्याप्त बुराई के विरोधी थे साथ ही शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष पहल करते थे।उनके अगुवाई में ही प्रस्तावित कुंडूख विद्यालय शिवनाथपुर का स्थापना वर्ष 2008 में किया गया था। पहले अध्यक्ष का दायित्व उन्होंने ही निभाया था। कुंडूख तोलोंग सिकि के जानकार के साथ समाज मे कुडुख को बढ़ावा देने का अंतिम समय तक उन्होंने प्रयास किया।उनके निधन पर सुकरु उरांव,शंकर लोहरा, बिरसा पहान, दशरथ टाना भगत, भोजा टाना भगत, सोमा टाना भगत, गंदुर उरांव, अमर टोप्पो,बंधन उरांव सहित कई लोगों ने शोक व्याप्त किया है वहीं गुरुवार को स्कूल में दो मिनट का मौनधारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने ईश्वर से प्रार्थना किया।

# 10 से 25 फरवरी तक खिलायी जायेगी फाइलेरियारोधी दवा : सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सिविल सर्जन डा.राजू कच्छप ने कहा हे कि मच्छरों के काटने से होने वाले फाइलेरिया (हाथी पांव नामक बीमारी) को रोकने के लिए आगामी दस फरवरी से 25 फरवरी तक सामूहिक रूप से दवा खिलाने का अभियान चलाया जायेगा। इसका शुभारंभ दस फरवरी को गुमला के एसएस बालिका उच्च विद्यालय में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी करेंगे। इसी दिन गुमला जिला के 1704 बूथों में लोगों के बीच डीईसी और एलबेंडाजोल की गोली खिलाया जायेगा। 11 फरवरी से स्कूलों और घरों में दवा खिलाने का काम किया जायेगा। इस कार्य के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1654 सहिया और 1680 आंगनबाड़ी कर्मचारी लगाये गये हैं। सीएस ने बताया कि यह दवा दो वर्ष से कम, गर्भवती महिला और बेड पर पड़े रोगी को नहीं देना है। जिले की कुल आबादी 12 लाख 48 हजार 391 में से 10 लाख 85 हजार 187 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि दो से पांच वर्ष के बीच डीईसी व एलबेंडाजोल की एक-एक, छह से 14 वर्ष के बीच डीईसी के दो व एलबेंडाजोल का एक तथा 15 से ऊपर के लोगों के बीच डीईसी की तीन व एलबेंडाजोल की एक गोली दवा प्रशासक को अपने सामने खिलाना है। सीएस ने बताया कि दवा खिलाने वाले सहिया व आंगनबाड़ी कर्मचारी को प्रति व्यक्ति 2.40 रुपये का प्रोत्साहन भत्ता देय होगा। इसके एवज में सहिया व सेविका को दवा का रैपर वापस करना पड़ेगा। कार्यक्रम के सलाहकार उर्मिला शर्मा ने कहा कि तैयारी पूरी कर ली गयी है। सीएस ने झंडा दिखाकर फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के लिए रथ को झंडा दिखाकर रवाना किया।

# अध्यक्ष पद के चयन के लिए बैठक आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** वीर शहीद तेलेंगा खड़िया पुस्तकालय में गुरुवार को अध्यक्ष पद के चयन को लेकर कार्यकारणी समिति की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष पद के लिए पुर्व से चयनित कार्यकारी अध्यक्ष अघनु खड़िया का चयन अध्यक्ष पद के लिए किया गया। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, कल्याण पदाधिकारी शैलेश प्रसाद यादव, सलमान अली, रोहित कुमार शर्मा, दीपक अधिकारी, विजय लक्ष्मी कुमारी, देवेंद्र उरांव, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, महावीर लोहरा, सचिन वर्मा, विक्रांत सिंह, उर्वशी देवी, स्वीटी देवी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हाथी के हमला करने से ग्रामीण घायल अस्पताल मिलने पहुंचे विधायक कोनगाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र जलडेगा प्रखण्ड के ओड़गा सेहरमुण्डा के बासिल कण्डुलना को हाथी द्वारा घायल कर दिया है। जैसा कि ज्ञात हुआ उक्त मरीज का कमर का हड्डी टूट गया है। जिसे सुनते ही विधायक देखने सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचे। अस्पताल पहुंच कर घायल का हाल चाल की जानकारी प्राप्त की। घायल से जानकारी प्राप्त कर विधायक ने जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को फोन कर उचित कार्रवाई करते हुए मुआवजा की बात कही। इस पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने उचित कार्रवाई एवं मुआवजा दिलाने की बात कही।

विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सदर अस्पताल के दोनों वार्ड में मरीजों से मिलकर उनके बीमारी के बारे में जानकारी प्राप्त किये। मरीजों ने अपने अपने बीमारी की जानकारी दी, किसी ने ब्लड की कमी के बारे, किसी ने थलैसिमिया बीमारी के बारे जानकारी दी। विधायक ने कुरडेग की एक मरीज एनेस्थीसिया तिग्गा जिसे बी ग्रुप ब्लड की आवश्यकता थी। अविलम्ब अलफलाह ब्लड डोनर ग्रुप के पदाधिकारी से कहकर ब्लड का व्यवस्था कराये। विधायक ने अस्पताल प्रबन्धक अलका जी अस्पताल में साफ सफाई, मरीजों के खान पान, समय पर दवा आदि मिले, इसके लिए निर्देश दिये। वहीं अस्पताल के चिकित्सकों को भी उचित ईलाज के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हमारा जिला सुदूर जंगल पहाड़ों से घिरा हुआ है, यहां के निवास करने वाले लोग इस सदर अस्पताल पर मुख्य रूप से निर्भर है। यहां के लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इसलिए मरीजों के ईलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिये। विधायक ने मरीज एवं मरीज के अटेण्डर को कहे कि किसी प्रकार का दिक्कत हो तो हमें या हमारे प्रतिनिधियों को बताईयेगा, जिससे कि हम आपको मदद कर पायेंगे।

विधायक के संग जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिला महासचिव खुशी राम कुमार, जिला सचिव विजय बेक आदि उपस्थित थे।

# सीएफटीयूआइ के सहयोग से अपने घर लौटा मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिला अंतर्गत करंज भरनो थाना क्षेत्र के कौनंजाली कुसुमटोली गांव के मजदूर शकुशल अपने घर पहुंच गया। इस गुमशुदात मजदुर के परिजनों ने मजदूर संघ सीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान को लिखित आवेदन दे कर मजदुर को खोजने की गुहार लगायी थी। दिये गये आवेदन में पत्नी गंदौरी देबी ने कहा था कि उसके पति मगंरा खड़िया गुजरात मजदूरी करने गये थे। जहां से वापस आने के दौरान लापता हो गये थे। जो मजदूर संघ सीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं समस्त टीम के सहयोग से 5 फरवरी को सही सलामतघर पहुंच गये हैं। साथ ही पत्नी ने इस संबंध में मजदूर संघ सीएफटीयुआई सहित समस्त मिडिया वालों का भी अभार व्यक्त किया है। कहा कि अगर हमलोग को मजदूर संघ सीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं मिडिया का सहयोग नहीं मिलता तो शायद मेरे पति इतनी जल्द नहीं मिलते।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर का चार दिवसीय पूजन कार्यक्रम शुरू

# कलश यात्रा में हजारों भक्त हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** देवाकी स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाला गया। जहां कतारब्ध महिलाएं देवाकी स्थित मंदिर परिसर से शुरू होकर गांव के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए देवाकी बाबा धाम स्थित नदी तक पहुंची। जहां आचार्य प्रमोद पाठक द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ कलश में जल भारी कराई गई। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चियां व पुरुष शामिल हुए। कलश मे जलभरी के उपरांत पुनःकलश यात्रा देवाकी बजरंगबली मंदिर पहुंची। इस क्रम में जय श्री राम बोल बम, हर हर महादेव, जय बजरंगबली के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजमन हो उठा। इधर कलश यात्रा के उपरांत मंडप पूजन हुआ जिसके



बाद प्रबंधन समिति के द्वारा महिलाओं को चना गुड़ केला के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया।

पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चार दिवसीय है। जिसकी शुरूआत आज कलश यात्रा के साथ हुई। आगामी 9 फरवरी को समस्त वेदी पूजन, पंचांग पूजन, आगामी 10 फरवरी को अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास के ससथ रात्रि में नगर भ्रमण, सज्जा अधिवास होगी। वहीं आगामी 11 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। इसके साथ ही आगामी 8 फरवरी से 10 फरवरी तक अयोध्या से आ रहे आचार्यों द्वारा प्रवचन और भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जायेगा।

कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूजन प्रारंभ गुरुवार को हो चुका है जिसमें मुख्य रूप से पुजारी में प्रदीप प्रसाद-लक्ष्मी प्रसाद, नारायण साहू-गोदावरी देवी, रामधनी साहु-अनिता देवी, प्रमोद साहु-लक्ष्मी देवी, रामध्यान साहु-अनुभा देवी के नाम शामिल हैं।

कलश यात्रा में उपस्थित लोगों में रामनंदन साहु, इंद्रदेव साहु, प्रसाद साहू, सुरेश साहू, दिलीप साहू, संजीत साहू, गौतम साहू, विकाश साहु, अजित साहु, विक्की साहु, अनूप मिश्रा, उपेंद्र मिश्रा, सूरज साहू, रूपेश सिंह, मीणा देवी, रेणु देवी, सविता देवी, रूपा देवी, कुसुम देवी, सुषमा देवी, विपुल साहू, विवेक साहू, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष मणि मिश्रा, वीरेंद्र साहू, शुभम कुमार, आरजू कुमार, सत्यम साहू, वीरेंद्र साहू, पवन पासवान, प्रभु भगत, पंकज साहू, विनय साहू सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

# कार की चपेट में आने से युवक की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के नाथपुर गांव के समीप एक अज्ञात कार की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक क्लीन्द्र तिर्की की मौत हो गयी। मृतक क्लीन्द्र तेलगांव का रहने वाला था। जबकि उसका दोस्त साहिल लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया।साहिल सदर थाना क्षेत्र के नकटी बरिसा गांव का रहने वाला है।साहिल का एक पैर टूट गया है। 108 एम्बुलेंस से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बावत बताया जाता है कि क्लीन्द्र व साहिल दोनों अपने एक अन्य दोस्त राजेश गिद्ध को लाने के लिये बसिया थाना क्षेत्र के कोनवीर जा रहे थे। राजेश गिद्ध गुमला का ही रहने वाला है। वह इस वर्ष इंटर की परीक्षा दे रहा है। परीक्षा का पंजीयन पालकोट के पम्पापुर कॉलेज से किये जाने के कारण उसका सेंटर कोनवीर में है। क्लीन्द्र व साहिल बाइक में सवार होकर उसे कोनवीर लेने जा रहे थे।तभी दोनो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये और क्लीन्द्र की मौत हो गयी। इधर घटना की जानकारी के बाद सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# दो दिन के अंदर मेनरोड में जलापूर्ति शुरू नहीं हुई, तो किया जायेगा आंदोलन : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश चीनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिल कर मेन रोड जलापूर्ति की समाया पर चर्चा की। गुमला के मेन रोड में खोदे गए गड्ढे से हो रही समस्या, जलापूर्ति पाइप लाइन की चेकिंग आदि से संबंधित प्रश्न रमेश कुमार ने कार्यपालक अभियंता से पूछे। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा यह सुनिश्चित कराया गया था कि जो गड्ढा में रोड में किया जा रहा है वह केवल 5 दिनों के अंदर ठीक कर लिया जाएगा। लेकिन 8 दिन गुजर जाने के बाद भी गढ्ढा जस का तट है। अभी तक पाइपलाइन पूरी तरह से नहीं ठीक हो सका है। साथ ही इस पाइपलाइन की खुदाई के कारण लोगों का आवागमन में काफी असुविधा हो रही है रात दिन मेन रोड में जाम का दृश्य देखने को मिल रहा है। पानी सप्लाई बंद है। जिससे पेय जल संकट गहराता जा रहा है। इस पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। अति शीघ्र पाइपलाइन का काम पूरा हो जाएगा। उक्त गड्ढे को भरकर सड़क को सुचारू कर दिया जायेगा। इस पर रमेश कुमार ने कहा कि अगर दो दिनों के अंदर-अंदर यह कार्य पूर्ण नहीं होता है और पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं की जाती है, साथ ही लोगों को मिलने वाली सुविधाएं अगर प्रदान नहीं की जाती हैं, तो फिर सड़कों पर आंदोलन शुरू होगा। प्रतिनिधि मंडल में रमेश कुमार के साथ साथ अकील रहमान, राजनील तिग्गा आदि शामिल थे।

# नशे में धुत भाई ने की हत्या

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के डोमटोली सेरेंगटोली मे सगे भाई ने छोटे भाई कि कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी। जिससे घटनास्थल पर ही प्रभु सहाय बागे की मौत हो गयी। कोलेबिरा थाना पुलिस ने घटनास्थल जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए सिमडेगा भेजने की कार्रवाई की है। आरोपी का नाम पवन बागे बताया गया। मिली जानकारी के अनुसार अंबापानी से गांव मे बारात आयी थी और दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई। इसी क्रम में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को कुल्हाड़ी से माथा के पीछे वार कर दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी।

# माइनिंग एक्ट का किया जा रहा उल्लंघन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति ने जिले के बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र में हिंडाल्को कंपनी द्वारा किये जा रहे हैं माइनिंग एक्ट का उल्लंघन पर रोक लगाने के लिए गुमला उपायुक्त को मांग-पत्र देकर जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

मांग-पत्र में कहा गया है कि रैयतों के खेत से बॉक्साइट निकालने के बाद खेती योग्य बनाकर जमीन को रैयत को वापस करना है, लेकिन कंपनी बॉक्साइट का दोहन कर वैसे ही खेत को गड्ढा छोड़ दी है। कंपनी अब तक अपने सभी माइंस को ठेकेदारी में देकर लीज से बाहर बॉक्साइट का अवैध उत्खनन करा रही है। लीज एरिया का स्पष्ट सीमांकन नहीं होने से बड़े पैमाने पर बॉक्साइट पत्थर की चोरी हो रही है। वहीं झरने का दूषित पानी पीने को मजबूर माइंस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए सीएसआर के तहत लीज के 45 साल के बाद भी कंपनी आज तक अच्छा स्कूल, अस्पताल, सड़क इत्यादि बुनियादी सुविधा बहाल नहीं की है। इसलिए पिछले 2015 से अब तक कंपनी द्वारा करायी गयी विकास कार्य की समीक्षा व जिला प्रशासन द्वारा सक्षम जांच टीम बनाकर जांच करने की मांग की गयी है।

माइंस क्षेत्र से पलायन को मजबूर मजदूर, युवक, युवतियों को रोजगार देने की व्यवस्था करने पर विशेष जोर देने की मांग के अलावे समिति के जिला अध्यक्ष प्रकाश उरांव के हस्ताक्षर से दिये गये मांग-पत्र में उपायुक्त से इटकीरी से लेकर सेरेंगदाग तक तथा बिशुनपुर प्रखंड के बाहर सेरका से हारूप गांव होते हुए जालिम गांव तक सड़क बनाने की भी मांग की गयी है। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र के प्रभावित लोगों को संगठित कर हिंडाल्को कंपनी के लुट नीति के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही गयी है।

